हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 29 अगस्त 2025

06 भूमिगत जलस्तर को बरकरार रखने कटेंगे ...



08 एसडीएम देखें-किसानों को सहूलियत से खाद...





## खबर संक्षेप

### 3 दिवसीय खेल स्पर्धाओं का 31 तक आयोजन

**नर्मदापुरम।** हॉकी के सर्वकालीन महान खिलाड़ी एवं जादूगर पद्मभूषण स्वर्गीय मेजर ध्यानचंद जी के 120 में जन्म दिवस पर 29 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। तत्संबंध में जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया कि भारत सरकार/मध्य प्रदेश शासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 29 से 31 अगस्त 2025 तक चलेगा, जिसमें एथलेटिक्स, कराते और अन्य खेल गतिविधियाँ शामिल हैं। जिले और 7 विकासखंड में आयोजित होने वाली इन प्रतियोगिताओं में लगभग 500 खिलाड़ी भाग लेंगे। खेल गतिविधियाँ सुबह 08:30 बजे से शुरू होंगी।

### आज पीएम मातृ वंदना योजनाओं की बैठक

**नर्मदापुरम।** मप्र राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष, प्रो. वीरेन्द्र कुमार मल्होत्रा 29 अगस्त 2025 शुक्रवार को नर्मदापुरम जिले में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनाओं का निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक करेंगें।

### बिल पास करने के नाम पर मांगी थी 12 हजार रुपए की राशि

# कार्रवाईः 7 हजार की रिश्वत लेते धराया पीडब्ल्यूडी विभाग का बाबू, मामला दर्ज

**नर्मदापुरम में एक बार फिर लोकायुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान पीडब्ल्यूडी के क्लर्क पवन सक्सेना को टीम ने रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। उन पर मामला पंजीबद्ध किया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण यंत्री कार्यालय में गुरुवार दोपहर लोकायुक्त टीम ने रिश्वत लेते हुए एक सीनियर क्लर्क को रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी क्लर्क पवन सिंह सक्सेना को ठेकेदार से 7 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ठेकेदार अवधेश कुमार पटेल से एक बिल पास कराने के एवज में क्लर्क ने कुल 12 हजार रुपए की मांग की थी। ठेकेदार ने इस संबंध में लोकायुक्त एसपी दुर्गेश राठौर से शिकायत की, जिसके बाद टीम ने कार्रवाई की योजना बनाई। इससे पहले ठेकेदार ने आरोपी क्लर्क सहित विभाग के अन्य अधिकारियों पर भी रिश्वत लेने के आरोप लगाए हैं। जिस पर लोकायुक्त टीम ने गुरूवार को अचानक कार्रवाई की।



### अचानक हुई कार्रवाई

गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे लोकायुक्त की टीम ने पीडब्ल्यूडी कार्यालय स्थित संभागीय लेखा कक्ष में दबिश दी। जैसे ही क्लर्क ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने उसे पकड़ लिया। कार्रवाई होते ही दफ्तर में हड़कंप मच गया।

### आरोपी पर मामला दर्ज

डीएसपी डॉक्टर आरके सिंह ने बताया कि ठेकेदार अवधेश कुमार पटेल है। उनकी फर्म कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा सड़क का कार्य किया गया था। आरोपी पवन कुमार सक्सेना वरिष्ठ लेखा लिपिक ने 12 हजार की रिश्वत मांगी थी। ठेकेदार ने लोकायुक्त के पास में आवेदन किया था। इसमें 5 हजार की राशि आरोपी को पहले ठेकेदार दें चुका था, शेष राशि 7000 बाकी थी। 7हजार की रिश्वत देने के लिए ठेकेदार अवधेश पटेल दफ्तर पहुंचे थे। गठित दल ने रंगे हाथों सीनियर क्लर्क अकाउंटेड पवन सक्सेना को पकड़ लिया।

### बदले की कार्रवाई से की शिकायत

पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री (ईई) अनुराग सिंह ने बताया ठेकेदार अवधेश पटेल की फर्म ने जो सड़क बनाई, काफी घटिया क्वालिटी की बनाई। जो गारंटी के पहले की खराब हो गई, बावजूद उनके द्वारा सुधार कार्य नहीं कराया गया। इसलिए हमने उनकी जमा राशि जब्त कर ली। ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई के लिए हमने वरिष्ठ कार्यालय को लिखा है। शायद खुन्नस में वो हमारे ऊपर झूठे आरोप लगा रहा है। इस कार्रवाई पर हम कुछ नहीं कह सकते हैं।

### यह की गई शिकायत

ठेकेदार अवधेश कुमार पटेल ने बताया कि करीब 8 महीने से बिल पास करवाने के नाम पर पैसे मांगे जा रहे थे। अमाउंट पास करवाने के नाम पर रिश्वत की डिमांड की जा रही थी। लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ लेखा लिपिक पवन सक्सेना अकाउंटेंट 12 हजार की डिमांड की थी, इससे पूर्व में भी रिश्वत की डिमांड की गई थी। अभी भी रिश्वत मांगी जा रही थी।

## आयुक्त ने आरटीओ दफ्तर का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम कमिश्नर केजी तिवारी गुरुवार सुबह 11 बजे अचानक आरटीओ दफ्तर पहुंचें जहां उन्होनें यात्री बसों के स्थायी परमिट के लिए पेंडिंग फाइल के काम पूरा किए। उन्होंने कहा नर्मदापुरम संभाग में चलने वाली बसों के स्थायी परमिट जारी होना है।

194 फाइल के काम लम्बे समय से पेडिंग हैं। उन कामों को पूरा करने के लिए आरटीओ दफ्तर आया हूं। काम ज्यादा है, इसलिए इसमें ज्यादा वक्त लगेगा। कमिश्नर तिवारी सुबह 11 बजे से शाम तक आरटीओ दफ्तर में मौजूद रहे। इस दौरान आरटीओ रिंकू शर्मा मौजूद रहीं। गौरतलब है कि वर्ष 2015 से 2019 तक परिवहन विभाग के डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर को बसों के स्थायी परमिट जारी करने का अधिकार था। लेकिन 2019 में हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद यह अधिकार डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर से वापस ले लिए गए, जिसके चलते तब से स्थायी परमिट जारी नहीं किए जा रहे थे। बीते दो वर्षों से बस ऑपरेटर्स को अस्थायी परमिट या शादी के परमिट के आधार पर बसों का संचालन करना पड़ रहा था।

राज्य सरकार ने स्थायी परमिट की प्रक्रिया को फिर से शुरू करने के लिए रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (आरटीए) का गठन किया है। अब संभागायुक्त को इस अथॉरिटी का प्रमुख नियुक्त किया गया है। इसी आधार पर 2019 से लंबित पड़े आवेदनों पर सुनवाई पहले हो चुकी है। परमिट जारी करने की अगली प्रक्रिया के लिए कमिश्नर केजी तिवारी सुबह 11 बजे आरटीओ दफ्तर नर्मदापुरम पहुंचे। शाम तक कमिश्नर कार्रवाई करते रहे।

## तीन दिन से लापता युवक का शव नदी में मिला, मर्ग कायम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले के टिगरिया स्थित नर्मदा घाट पर बुधवार को एक 29 वर्षीय युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान गौरव पिता माधव प्रसाद साहू, निवासी सनखेड़ा के रूप में हुई है। गौरव 25 अगस्त से लापता था और उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट बुधनी थाने में दर्ज की गई थी। बड़े भाई सौरभ साहू ने बताया कि गौरव गांव में किराना दुकान चलाता था और 25 अगस्त को बाइक लेकर घर से निकला था। उसी शाम बुधनी पुलिस का फोन आया कि गौरव की बाइक नर्मदा पुल पर खड़ी मिली है। इसके बाद परिजनों ने गौरव की तलाश शुरू की और गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई। गौरव के नदी में कूदने की आशंका के चलते परिजन और गोताखोर लगातार तलाश कर रहे थे। बुधवार शाम टिगरिया के नर्मदा घाट पर गौरव का शव दिखाई दिया। शव पूरी तरह कपड़ों में था, जिससे उसकी पहचान की जा सकी। डोलरिया थाना प्रभारी खुमान सिंह ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल भिजवाया गया।

## राष्ट्रपति पदक से सम्मानित हुए होमगार्ड सैनिक श्याम सिंह का राज्यसभा सांसद ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वीरता प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित होमगार्ड सैनिक श्याम सिंह राजपूत का गुरुवार को राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने उनके निवास पर पहुंचकर शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

होमगार्ड सैनिक श्याम सिंह ने नर्मदा नदी में डूब रहे सैकड़ों लोगों की जान बचाकर असाधारण साहस और सेवा भावना का परिचय दिया है। इसी अदम्य साहस के लिए उन्हें हाल ही में पुणे में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति पदक से अलंकृत किया गया था। राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कहा, श्याम सिंह न सिर्फ नर्मदापुरम बल्कि पूरे प्रदेश का गौरव हैं। उन्होंने जिन जानों को बचाया, वह समाज के लिए अमूल्य योगदान है। इस अवसर पर सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, भाजपा झुझोप्र प्रदेश संयोजक अखिलेश खंडेलवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, मनीष परदेशी, सुंदरम अग्रवाल, विशाल दीवान, ज्योति वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## सफाई मित्रों की सुरक्षा एवं सम्मान के लिये कार्यशाला में जिपं सीईओ ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्थातनीय जनपद पंचायत नर्मदापुरम में जिला स्त्रीय सफाई मित्रों की सुरक्षा एवं सम्मातन के लिये कार्यशाला संपन्न हुई। प्रशिक्षण राज्य कार्यालय से आये राज्य सलाहकार साबिर इकबाल के द्वारा दिया गया जिसमें सफाई मित्रों को सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी एवं सफाई मित्रों को कार्य के दौरान कौन कौन सी सावधानिया बरतनी चाहिये इस संबंध में जानकारी दी आपके द्वारा स्वच्छता के संबंध में संविधान में दिये गये प्रावधानों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भूपेन्द्र चौकसे अध्यक्ष जनपद पंचायत नर्मदापुरम, एसबीएम के राज्य सलाहकार साबिर इकबाल, जिला समन्वयक प्रीति बरकड़े, सीईओ जनपद पंचायत रंजीत ताराम के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों के स्वागत के बाद सभी को कार्यशाला की भूमिका के बारे में बताया।

जनपद अध्यक्ष श्री चौकसे ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण हम सेक्टर स्तर पर भी करेंगे जिससे कि पूरे विकास खण्ड में सभी सफाई मित्र अपनी सुरक्षा के बारे में जागरूक हो सकें। दोपहर पश्चात सीईओ जिला पंचातय सोजान सिंह रावत ने सभी सफाई मित्रों को स्वच्छता किट वितरित की आपने कहा कि स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है इसलिये जरूरी है कि ग्रामों में साफ सफाई सुनिश्चित हो और इसके लिये सफाई मित्र की विशेष भूमिका होती है। कार्यशाला में सभी सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण ब्लाक मेडीकल आफीसर अक्षय रघुवंशी के नेतृत्व में डॉ शास्वत एवं डॉ उमेश के द्वारा किया गया ।

## नपा की जनसुनवाई में हुआ समस्या का समाधान तत्काल दिया नामांतरण आदेश, खुश हुई महिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगरपालिका में शुरू की गई जनसुनवाई में लगातार नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। जिससे लोगों को राहत मिल रही है। गुरूवार को हुई जनसुनवाई में छोटी बड़ी समस्या के करीब 15 आवेदन आए। जिनका समाधान संतुष्टीपूर्ण किया गया। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर प्रति गुरूवार नपा में जनसुनवाई की जा रही है। जिसमें नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। जनसुनवाई के दौरान भवन नामांतरण हेतु वार्ड 15 की हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी उमा गुहा पत्नी त्रिलोकीनाथ गुहा ने आवेदन दिया था। जिसे तत्काल भवन नामांतरण के आदेश दिए गए। उन्होंने नपाध्यक्ष श्रीमती यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले का आभार माना। इससे पूर्व करीब 80 वर्ष के एक वरिष्ठ नागरिक वार्ड 18 के एमके गोयल द्वारा आवेदन देकर अपनी संपत्ति संबंधी टेक्स की समस्या समाधान कराया गया। जनसुनवाई में नगरपालिका के उपयंत्री, कर्मचारी, स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी, अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत, योगेश सोनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी का पुनर्गठन हुआ संपन्न

### नवीन सदस्यों को दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा नर्मदापुरम की प्रबंध समिति का पुनर्गठन गत दिवस 26 अगस्त को रेवा कक्षा में कलेक्टर प्रतिनिधि डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ।नवीन कार्यकारिणी में अरुण शर्मा को जिला प्रबंध समिति का चेयरमैन चुना गया, डॉ. हर्षल कावरे सचिव के रूप में कार्य करेंगे, डॉ. राजेश माहेश्वरी को वॉइस चेयरमैन के रूप में चुना गया है। तथा आनंद पारे को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला प्रबंध समिति के सदस्यों में भूपेंद्र चौकसे, डॉ. अतुल सेठा, रविंद्र गंगरारे, डॉ. सुनीता कामले, डॉ. बबीता राठौर, डीएस दांगी, उदित द्विवेदी, मुकेश श्रीवास्तव, अनिल अग्रवाल, गौरव सेठ, विपिन जैन, आशीष शर्मा, नीरजा फौजदार, अनीता दुबे, आमीन रायन और इटारसी से सत्यम अग्रवाल, डॉ नीरज जैन, भरत वर्मा,पिपरिया से हरदीप नागपाल, कृष्णा पालीवाल, सिवनी से रितेश जैन शामिल हैं। सभी सदस्यों और पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई और रेड क्रॉस के सिद्धांतों पर मानव सेवा करने का संकल्प दिलाया गया।

## नपा ने जनता रेडीमेड के सामने कचरा और गंदगी मिलने पर किया 5 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर लगातार नगर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। गुरूवार को स्वच्छता प्रभारी अनुराग तिवारी द्वारा बाजार क्षेत्र का निरीक्षण के उपरांत कपड़े की दुकान जनता रेडीमेड के सामने कचरा एवं गंदगी मिलने पर 5 हजार रुपए का जुर्माना किया गया है।

इसके साथ ही नोटिस जारी कर 3 दिवस के अंदर जुर्माना की राशि जमा करने के निर्देश जारी किए गए हैं। स्वच्छता निरीक्षक श्री तिवारी ने बताया कि 26 अगस्त सुबह 08:42 सुबह एवं गुरूवार को सुबह 07:28 सुबह पर निरीक्षण दौरान पाया गया कि जनता श्री रेडीमेड के संचालक द्वारा प्रतिष्ठान के सामने कचरे कपडों के डिब्बे कार्ड बोर्ड का ढेर लगाया जाता है। गंदगी फैलाने पर प्रतिष्ठान के संचालक पर 5 हजार का अर्थदंड लगाया है। तीन दिवस के अंदर जुर्माना जमा नहीं करने की स्थिति में प्रकरण न्यायालय भेजा जाएगा।

नगर में चहुंओर स्वच्छता अभियान त्वरित गति से चलाया जा रहा है। बाजार क्षेत्र में दो बार कचरा वाहन भेजा जा रहा है इसके बावजूद भी दुकानदार अपनी दुकान, प्रतिष्ठान के समक्ष ही कचरे का ढेर लगाते हैं। जिससे गंदगी फैलती है।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत मिशन वात्सल्य योजना के दिशा निर्देशों का क्रियान्वयन एवं किशोर न्याय अधिनियम 2015 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम में किया गया1 प्रशिक्षण में न्यायाधीश एवं सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम, जिला विधिक सेवा अधिकारी नर्मदापुरम, अध्यक्ष एवं सदस्य बाल कल्याण समिति, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, बाल देखरेख संस्थाओं के अधिकारी कर्मचारी जिले के थानों में पदस्थ बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, विशेष किशोर पुलिस इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग से बाल संरक्षण अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### द चैम्प्स फन स्कूल के द्वारा चल रहा हरित विश्व अभियान

## पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण पूरे समाज के लिए अनमोल धरोहर है, इसे ऐसे ही निरंतर जारी रखें: कलेक्टर सोनिया मीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

द चैम्प्स फन स्कूल द्वारा चलाए जा रहे 'हरित विश्व अभियान' के अंतर्गत आज कलेक्टर बंगले पर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सोनिया मीना के नेतृत्व में बच्चो ने औषधीय और नीम के पौधे लगाए। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना अपने प्रेरक उद्बोधन में बच्चों के उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि "धरती को हराभरा बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की आवश्यकता है।

वृक्षारोपण और संरक्षण महत्वपूर्ण है। विद्यालय द्वारा चलाए जा रहे हरित विश्व अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि आप जो कार्य कर रहे हैं, वह वास्तव में अत्यंत सराहनीय कार्य है। वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण समाज के लिए अनमोल धरोहर है। आप सभी इसे ऐसे ही निरंतर जारी रखें। बच्चों ने विशेष रूप से औषधीय पौधों का रोपण किया, जिससे न केवल पर्यावरण को लाभ होगा बल्कि समाज को प्राकृतिक औषधियों का भी उपहार मिलेगा।



उन्होंने बताया कि यह अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' से भी जुड़ा हुआ है, जिससे बच्चों में पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना और गहरी हो रही है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी, निदेशक जूही चटर्जी, समन्वयक रीना मालवीय, तथा विद्यालय की संगीत टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। आयोजन की प्रभारी शिल्पा गौर एवं सह-प्रभारी योगिता अरोरा ने पूरे कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

निदेशक जूही चटर्जी ने बताया कि वृक्षारोपण को केवल विद्यालय परिसर तक सीमित न रखकर विभिन्न सुरक्षित परिसरों पर संरक्षण के साथ बड़ा करने का प्रयास है। शंखनाद एवं वेद मंत्रोच्चारण द्वारा वृक्षारोपण करने की यह अनूठी परंपरा बच्चों में अनुशासन, आध्यात्मिकता और पर्यावरण में गहरी संवेदनशीलता विकसित करती है।

## कलेक्टर ने की दीनदयाल रसोई संचालन संस्थाओं समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गुरुवार को कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत एवं पिपरिया नगरीय निकाय की दीनदयाल रसोई संचालन के लिए प्राप्त ऑनलाइन निविदाओं का शासन से प्राप्त निर्देशानुसार मूल्यांकन बिंदुओं के आधार पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान नर्मदापुरम एवं पिपरिया दोनों नगरीय निकायों के लिए चयनित संस्थाओं का मूल्यांकन प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पिपरिया नगरीय निकाय के लिए चयनित संस्था के दस्तावेजों का पुनः अवलोकन कर स्कोर शीट पर आवश्यक रिवर्क किया जाए। इस अवसर पर नगर पालिका नर्मदापुरम की अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, सिटी मजिस्ट्रेट एवं परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास प्राधिकरण बृजेंद्र रावत आदि मौजूद रहे।


## खबर संक्षेप

### ट्रेवलर बस हाईवे से उतरी महिला का पैर फ्रैक्चर



**बैतूल।** नागपुर-भोपाल हाईवे पर बुधवार देर रात करीब तीन बजे महिलाओं से भरी ट्रैवलर बस बेकाबू होकर हाईवे से नीचे उतर गई और सीमेंटेड नाली से टकराकर रुक गई। हादसे में एक महिला को गंभीर चोट लगी है, जबकि अन्य 25 महिलाओं को मामूली चोटें आई हैं। बस में कुल 30 महिलाएं सवार थीं। हादसे के बाद मौके पर पहुंची शाहपुर पुलिस ने घायलों को तत्काल एंबुलेंस से बैतूल अस्पताल भेजा। जानकारी के अनुसार नागपुर से होशंगाबाद जा रही ट्रैवलर बस नीमपानी के पास बेकाबू होकर हाईवे किनारे बनी सीमेंट सडक़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का दरवाजा जाम हो गया और महिलाएं अंदर फंस गईं। इस दौरान आग लगने जैसी स्थिति भी बन सकती थी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। हादसे में एक महिला का पैर फ्रैक्चर हो गया, वहीं 25 को मामूली चोट आई। घटना के दो मिनट के भीतर ही शाहपुर थाना पुलिस की गश्ती टीम मौके पर पहुंच गई। टीम ने बिना देर किए इमरजेंसी गेट खोला और एक-एक कर सभी महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकाला। घायलों को तत्काल एंबुलेंस से बैतूल अस्पताल भेजा गया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में प्रधान आरक्षक शिवलाल कलमें, आरक्षक नीरज पांडे और प्राइवेट ड्राइवर छुट्टन ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बस चालक की लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ।

### पूर्व सांसद आहूजा का श्रद्धांजलि कार्यक्रम आज



**बैतूल।** बैतूल के पूर्व सांसद एवं लोकतंत्र सैनानी स्व. सुभाष आहूजा का विगत दिनों आकस्मिक निधन हो गया था। जिनका श्रद्धांजली कार्यक्रम एवं पगड़ी रस्म आज 29 अगस्त शुक्रवार को शाम 3 से 4 बजे तक वृंदावन गार्डन कॉलेज रोड बैतूल में आयोजित किया जाएगा। यहां उल्लेखनीय है कि बैतूल के पहले गैर कांग्रेसी सांसद स्व. सुभाष आहूजा का जन्म 30 मार्च 1950 को हुआ था। छात्र राजनीति से ही अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करने वाले श्रीआहूजा 1975 में आपातकाल के दौरान मीसा बंदी बने और 19 महीने जेल में रहे। आपातकाल हटने के बाद 1977 में जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में बैतूल से लोकसभा चुनाव जीता और दिग्गज कांग्रेस नेता एन.के.पी. साल्वे को हराया। उस समय वे 27 वर्ष की उम्र में संसद के सबसे युवा सांसद बने थे। स्व. आहूजा भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री भी रहे और संगठन में उस समय स्व. प्रमोद महाजन के सीनियर थे। उन्होंने पार्टी के अंदर कई सालों तक सक्रिय भूमिका निभाई और युवाओं को राजनीति व रोजगार के अवसरों से जोड़ा।

### वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

**बैतूल।** वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक गुरुवार को कृषि विज्ञान केन्द्र बैतूल बाजार में आयोजित की गई। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. डीपी शर्मा ने केन्द्र पर संचालित गतिविधियों की प्रशंसा की एवं जिले के ज्यादा से ज्यादा कृषकों को लाभ पहुंचाने के लिए वैज्ञानिकों को मार्गदर्शन दिया। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. टीआर शर्मा द्वारा केन्द्र पर संचालित प्रक्षेत्रीय परीक्षण में तकनीकी रूप से सुधार के सुझाव दिए एवं केन्द्र पर पदस्थ वैज्ञानिकों से इस केन्द्र की प्रगति को और ऊंचाइयों तक ले जाने का आग्रह किया। इस दौरान केन्द्र के पौध संरक्षण वैज्ञानिक श्री आरडी बारपेटे ने केन्द्र का प्रगति प्रतिवेदन एवं आगामी कार्य योजना का विस्तृत ब्यौरा सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। उक्त बैठक में ज.ने.कृ.वि.वि. संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. डीपी शर्मा, एवं प्रधान वैज्ञानिक जबलपुर डॉ.टीआर शर्मा, केन्द्र प्रमुख डॉ. व्हीके आदि रहे मौजूद।

---

### बदले में लगेंगे दूसरे पेड़, परिषद के सम्मेलन में प्रस्ताव पास

# भूमिगत जलस्तर को बरकरार रखने कटेंगे नीलगिरी के पेड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

हर साल गर्मी आते ही शहर में भूमिगत जलस्तर चिंताजनक स्तर तक गिर जाता है। हालात यह हैं कि कई इलाकों में जलस्तर 25 मीटर से भी नीचे चला जाता है। जिसके कारण बोर और ट्यूबवेल जवाब दे देते हैं। विशेषज्ञों और नगर पालिका के अनुसार, इसके पीछे कई कारण हैं, जिनमें नीलगिरी के पेड़ प्रमुख माने जा रहे हैं। यही कारण है कि नगरपालिका परिषद के विशेष सम्मेलन में नीलगिरी के पेड़ों को कटवाने का प्रस्ताव पास किया गया है। नगर पालिका का मानना है कि नीलगिरी का वृक्ष अत्यधिक पानी सोखता है, जिससे भूमिगत जलस्तर पर नकारात्मक असर पड़ता है। कई इलाकों में जलस्तर 25 मीटर से भी नीचे चला जाता है, जिससे हैंडपंप और कुएं सूखने लगते हैं। नागरिकों को पेयजल के लिए टैंकरों पर निर्भर होना पड़ता है। नगरपालिका का मानना है कि जलस्तर गिरने के कई कारण हैं अत्यधिक बोरवेल, जल संरक्षण की कमी, और वर्षा जल का सही तरीके से संचयन न होना, लेकिन इन सबके बीच एक बड़ा कारण नीलगिरी के पेड़ों को माना जा रहा है। ये पेड़ अपनी गहरी और फैलावदार जड़ों के माध्यम से बड़ी मात्रा में पानी सोख लेते हैं, जिससे आसपास की मिट्टी और भूजल दोनों पर असर पड़ता है।

#### पेड़ों की पहचान व गणना के लिए होगा सर्वे

नगरपालिका परिषद की बैठक में विषय यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। बैठक में तय किया गया कि शहर के विभिन्न वार्डों में लगे नीलगिरी के पेड़ों की पहचान और गणना के लिए सर्वे कराया जाएगा। सर्वे के आधार पर पेड़ों को चिन्हित करने के बाद इन्हें काटा जाएगा। नगरपालिका ने यह भी स्पष्ट किया कि कटाई केवल उन्हीं क्षेत्रों में की जाएगी, जहां नीलगिरी के पेड़ जलस्तर पर नकारात्मक असर डाल रहे हैं। पेड़ों को काटने के बाद उसी स्थान पर स्थानीय और जल संरक्षण में सहायक प्रजातियों के पौधे जैसे नीम, पीपल, बरगद, अर्जुन और सहजन आदि लगाए जाएंगे।

#### प्राकृतिक रूप से अधिक सोखते है पानी

जानकार बताते है कि नीलगिरी के पेड़ प्राकृतिक रूप से अधिक पानी सोखते हैं। इनकी जड़े 30-40 मीटर गहराई तक जाती हैं, जिससे ये भूमिगत जल को लगातार खींचते रहते हैं। यही कारण है कि इन्हें जल की कमी वाले इलाकों में लगाने की सलाह नहीं दी जाती। कई वैज्ञानिक अध्ययनों में पाया गया है कि नीलगिरी के पेड़ आसपास की नमी और मिट्टी की गुणवत्ता पर भी असर डालते हैं। नगर पालिका का कहना है कि इनकी जगह पर्यावरण के अनुकूल और जल संरक्षण में सहायक प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे, जिससे हरियाली भी बनी रहे और जलस्तर पर नकारात्मक असर न पड़े।

#### पूर्व में काटे थे नीलगिरी के पेड़

पूर्व में नपा क्षेत्र में नीलगिरी के पेड़ों को हटाने की कार्रवाई की गई। जिला अस्पताल कैंपस में लगे करीब आधा दर्जन नीलगिरी के पेड़ों को काटा गया। अधिकारियों के अनुसार, इन पेड़ों की जड़ें गहराई तक पानी खींच लेती हैं, जिससे भूमिगत जल स्तर में लगातार गिरावट आ रही थी। स्थानीय लोगों ने भी बताया कि पेड़ों पर बड़ी संख्या में बगुले बैठते थे, जिनकी बीट से अस्पताल परिसर में आने-जाने वाले मरीज और परिजन असुविधा का सामना करते थे। स्वच्छता और स्वास्थ्य कारणों से यह कदम आवश्यक माना गया। इसी तरह नेहरू पार्क में भी नीलगिरी के कुछ पुराने पेड़ों को हटाया गया।

**जल्द इस पर काम करें**

नीलगिरी के पेड़ों की वजह से भूमिगत जलस्तर में गिरावट आ रही है। इसलिए परिषद की बैठक में विभिन्न वार्डों में लगे नीलगिरी के पेड़ों को कटवाए जाने को लेकर प्रस्ताव रखा गया था। जिसे परिषद ने मंजूरी दे दी है। जल्द इस पर काम करेंगे।

**सतीश मटसेनिया,** सीएमओ नगरपालिका बैतूल

---

## ऋषि पंचमी पर ताप्ती तट पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

ऋषि पंचमी के अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने ताप्ती तट पहुंचकर, स्नान ध्यान कर,ऋषि पंचमी व्रत का समापन किया, साथ ही यज्ञ हवन में भाग लिया, ऋषि पंचमी के अवसर पर सुबह से ही ताप्ती तट पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगना प्रारंभ हो गया था जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। इसे देखते हुए नगर प्रशासन द्वारा ताप्ती तट पर सुरक्षा व्यवस्था के अनेक इंतजाम किए गए थे, ताप्ती तट पर भीड़ ना हो इसको लेकर परिक्रमा क्षेत्र में दोनों ओर बेरिकेटिंग की गई थी, जिस पर पुलिस सहित नगर पालिका के कर्मचारियों को तैनात किया गया था। ऋषि पंचमी के संदर्भ में पंडित गणेश त्रिवेदी बताते हैं कि ऋषिपंचमी का त्यौहार हिन्दू पंचांग के भाद्रपद महीने में शुक्ल पक्ष पंचमी को मनाया जाता है। यह त्यौहार गणेश चतुर्थी के अगले दिन होता है। इस त्यौहार में सप्त ऋषियों के प्रति श्रद्धा भाव व्यक्त किया जाता है। और जीवन में हुई गलतियों की क्षमा याचना की जाती है। ऋषि पंचमी के अवसर पर पवित्र नदियों में स्नान को अत्यंत पुण्य कर्म माना जाता है। यही कारण है कि प्रतिवर्ष ताप्ती तट पर अनेक जिलों से ऋषि पंचमी पर महिलाएं पहुंचती है ,विशेष तौर से महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में महिलाएं ताप्ती तट आती है। इस वर्ष ऋषि पंचमी के अवसर पर अनेक मंदिरों में हवन पूजन का आयोजन किया गया गजानन मंदिर में निशुल्क चाय वितरण की गई, लक्ष्मी नारायण मंदिर में पंडित गणेश त्रिवेदी ने ऋषि पंचमी का व्रत संपन्न कराया एवं हवन पूजन की विधि पूर्ण कराई।, ताप्ती सरोवर के मध्य बने सप्त ऋषि टापू पर गायत्री परिवार द्वारा हवन पूजन किया गया।

## महिलाओं ने लगाए वार्ड में पेड़



**शाहपुर।** शाहपुर के वार्ड नंबर 12 मंगल पांडे वार्ड में पतौवापुरा स्थित नदी के बाजू में खाली पड़ी जगह में पत्रकार संजय जगताप और वार्ड की महिलाओं ने पांच पेड़ बेलपत्र के लगाए। पेड़ लगाने वाली महिलाओं में दीपना जगताप, ममता धोटे, गीता प्रजापति, सरोज पांसे आमढाना, राधिका बाई धोटे और नन्हे-नन्हे बच्चों शामिल है। बच्चों में विराट ठाकुर, लक्ष्य राठौर, युवराज प्रजापति, राम लखन आदि बच्चों ने पेड़ लगाने में गड्ढा खोदकर, हैंडपंप से बाल्टी में जल भरकर पेड़ किस तरह लगाये जाते है, यह सीखा और समझा कि पेड़ किस तरह से लगाना चाहिए। बच्चों ने यह कार्य स्वयं अपने हाथों से किया।

---

### 60 से 70 बेरोजगारों ने अपना नाम दर्ज करवाया

## शाहपुर में लगा बेरोजगारों के लिए रोजगार मेला




**शाहपुर।** जनपद कार्यालय के सभा भवन में विकासखंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन शाहपुर के द्वारा किया गया। जिसमें लगभग 60 से 70 बेरोजगारों ने अपना नाम दर्ज करवाया। मेले में लगभग 7 से 8 प्राइवेट कंपनियां जैसे भारतीय जीवन बीमा निगम, वर्धमान अभ्यास प्रयास नौकरी, महिला कैरियर एजेंट योजना बीमा सखी, प्रतिभा सिंटेक्स लिमिटेड वस्त्र उद्योग सागौर कुटी कंपनी पीथमपुर जिला धार फैक्ट्री में कार्य करने की इच्छुक लडक़े एवं लड़कियों को स्थाई रोजगार देने के उद्देश्य से कंपनी द्वारा भर्ती अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत विशेष औद्योगिक सुरक्षा वीर भर्ती जिला बैतूल जिसका क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र परसवार अनूपपुर है और इस रोजगार मेला में कुछ लोगों को रोजगार भी देने का कार्य किया गया। कुछ बेरोजगारों ने तो अच्छे से रोजगार को करने के लिए अपनी इच्छा भी व्यक्त की। जिसमें मनीष कासदे ग्राम आम ढाना से धागा फैक्ट्री मंडीदीप में जाने के लिए तैयार हुए। कुछ लोगों ने अपने विचारों से अवगत कराया। उनका कहना यह था कि रोजगार मेला तो बेरोजगारों के लिए बहुत अच्छा प्रयास है। परंतु पारिश्रमिक कम होने के कारण वह अपने ग्राम को नहीं छोड़ सकते। क्योंकि उनका कहना है कि हम 9 से 12000 के बीच मिल रही राशि से क्या घर चलाएंगे। उससे तो अच्छा है हम अपने ही ग्राम के कृषि कार्य ही करेंगे। विशेष औद्योगिक सुरक्षा वीर भर्ती जिला बैतूल के द्वारा 30 अगस्त 2025 को थाना परिसर शाहपुर में भी इस रोजगार के आयोजन के कार्य को किया जाएगा।

## अधिवक्ता संघ आमला ने विधायक का जताया आभार



**आमला।** अधिवक्ता संघ आमला के चुनाव के बाद से ही नव निर्वाचित अध्यक्ष केएन चौकीकर, सचिव ब्रजेश सोनी, उपाध्यक्ष रवि शंकर पटवारी, सह सचिव सी एल सोलंकी, कोषाध्यक्ष श्रीमति शारदा यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल पाठक, केएल झारिया, वेदप्रकाश, साहू मधुकर महाजन, हरिराम चौधरी, महेश सोनी, शिवपाल उबनारे,गुलाब दवडे,रानी शेख, सुरेंद्र बारंगे, हरिशंकर पाल, केएल पाल, अषादू बिँझाड़े, मनोज कश्यप, राजेश अमरोही, मनोज दीवाने, अधिवक्तागण पदाधिकारियों एवं कार्यकारणी सदस्यों द्वारा आमला में बिजली विभाग के प्रकरणों की सुनवाई के लिए प्रयास करते हुए क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर योगेश पंडाग्रे जी के सामने समस्या रखी, जिसे उन्होंने संज्ञान में लेते हुए उन्होंने विधि विधाई विभाग से संपर्क कर आमला क्षेत्र की समस्या विधि विधाई विभाग में रखी एवं जिला न्यायधीश बैतूल एवं उच्च न्यायालय में चीफ जस्टिस्ट ऑफ मध्यप्रदेश के समक्ष एक प्रतिनिधि मंडल ने आमला न्यायालय से संबंधित विभिन्न प्रकार की समस्याएं रखी थी, जिस पर विधि विधाई विभाग से अनुमति प्राप्त हुई एवं उसका नोटिफिकेशन जारी कर मुलताई में आमला क्षेत्र के सुने जाने वाले बिजली विभाग के प्रकरणों को आमला न्यायालय में ही सुनवाई किए जाने के आदेश प्राप्त हुए। जिससे आमला न्यायालय में बिजली विभाग के नवीन एवं लगभग 250 लंबित प्रकरणों की सुनवाई आमला न्यायालय में ही होगी। इस उपलब्धि पर आमला क्षेत्र वासियों अधिवक्ता संघ आमला द्वारा मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं विधायक डॉक्टर योगेश पंडाग्रे का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

### ग्रामीणों ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग

## अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति ग्रामीणों के साथ करता है गाली-गलौच, मारपीट



**बैतूल।** ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर ग्राम के ही एक अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति पर कार्रवाही किये जाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि राजेश सूर्यवंशी अपराधी प्रवृत्ती का व्यक्ति है जो आये दिन गाली गलौच, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देता है। जिसमें उसका सहयोग उसका पूरा परिवार करता है। विगत दिनो ग्राम पंचायत सरपंच एवं उनके पुत्र शिवम के साथ गाली गलौच, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी दी। फिर मदन टिकमें एवं गोविन्द टिकने से राजेश एवं उसके भाई सिताराम सूर्यवंशी ने गाली गलौच मारपीट एवं जान से मारने की धमकी दी एवं उसके परिवार की महिलाओं ने रेप केश में फसाने एवं पास्को एक्ट में फसाने की धमकी दी। उक्त व्यक्ति द्वारा विशाल टिकमे पिता रामनाराण टिकमे के साथ भी मारपीट की। आज ऋषिराम टिकमे पिता राजाराम ठिकमे को खेत में जाते समय उसके घर के सामने रोका एवं उनसे भी मारपीट एवं गाली गलौच की और सभी को एससी/एसटी एक्ट में फसाने की धमकी देता है। ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर सीताराम सूर्यवंशी, राजेश सूर्यवंशी पर उचित कार्यवाही किये जाने की मांग की।

### सांसद खेल महोत्सव के रजिस्ट्रेशन का केंद्रीय मंत्री उईके करेंगे शुभारंभ

**बैतूल।** राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में 29 अगस्त को सुबह 7:30 बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उईके द्वारा ₹सांसद खेल महोत्सव 2025₹ के रजिस्ट्रेशन का भव्य शुभारंभ किया जाएगा। इसके अलावा फिट इंडिया शपथ, खिलाड़ी सम्मान समारोह, हॉकी, कराटे मैच व पुरस्कार वितरण का आयोजन भी होगा। उल्लेखनीय है कि स्वस्थ, समावेशी और सक्रिय भारत के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता रखते हुए सांसद खेल महोत्सव का आयोजन संपूर्ण राष्ट्र में खेल दिवस से किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को जिले की प्रतिष्ठा के अनुरूप बृहद, भव्य और उल्लासपूर्वक आयोजित किए जाने को लेकर जिले में गतिविधियां तेज हो गई हैं। युवाओं में खेल, खेल भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास किए जाने, खेल और स्वास्थ्य के माध्यम से समुदाय को संगठित किये जाने के साथ प्रधानमंत्री मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट का संदेश जमीनी स्तर पर अंतिम छोर तक ले जाया जाकर प्रतिभाओं का चिन्हांकन करना और उनकी प्रतिभा को निखारना है।

---

### मुख्य सड़कों, गलियों, चौक-चौराहों से हटेगा अतिक्रमण

# अतिक्रमणकारियों पर गिरेगी गाज, प्रशासन सख्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

शहर में एक बार फिर अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन नकेल कसने जा रहा है, हालांकि नगर प्रशासन समय-समय पर इस तरह की कार्यवाही करता रहा है, किंतु अतिक्रमणकारियों द्वारा फिर स्थिति यथावत कर ली जाती हैं। शहर में यातायात की बिगड़ती व्यवस्था और लोगों को आवागमन में हो रही दिक्कतों के चलते प्रशासन को सख्त रुख अपनाना पड़ रहा है। इसके लिए नगर पालिका प्रशासन ने मंगलवार को पूरे शहर में चिन्हित क्षेत्र से अतिक्रमण हटाकर व्यापारियों को हद में दुकान लगाने की हिदायत दी है। इसके लिए नगर प्रशासन ने बस स्टैंड, शनिवार बाजार, रेस्ट हाउस, जनपद चौक, मेंन रोड में व्यापारियों को समझाइश दी। नगर पालिका प्रशासन के अखिलेश राजनेगी, पृथ्वीराज चौहान ने बताया है कि नगर पालिका अधिकारी के निर्देशानुसार शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के निर्देश दिए गए हैं, व्यापारियों को समझाइश दी गई है, नियम तोडऩे वालों पर दंडात्मक कार्यवाही भी की जाएगी।

#### नक्शे से रास्ते भी गायब कर दिए

शहर में अतिक्रमण का आलम ये है कि शहर के मुख्य चौक चौराहे ही नहीं, बल्कि अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद है कि शहर के नक्शे से कई सडके ही गायब हो गई हैं। इनमें पुराना थाना स्थित एक सडक मेंन रोड के पीछे स्थित सड?, बस स्टैंड से वर्मा बर्तन को जोडऩे वाली एक सड? के अलावा भी कई महत्वपूर्ण सडके शहर के नक्शे से अतिक्रमणकारियों ने अपनी मकान दुकान बनाकर गायब कर दिया है। ऐसे में इन अतिक्रमणकारियों के हौसले और प्रशासन की भी लापरवाही का भी अंदाजा लगाया जा सकता है। हालांकि कुछ मामलों में लोगों की शिकायत के बाद नगर पालिका प्रशासन ने ऐसे लोगों को नोटिस आदि जारी किए हैं।

#### आवास योजना की राशि ली नहीं बनाया आवास

इधर नगर पालिका प्रशासन ने प्रधानमंत्री आवास योजना फेज क्रमांक एक के अंतर्गत योजना की पूरी राशि लेने के बाद भी आवास नहीं बनाए जाने पर ऐसे हितग्राहियों को भी चिन्हित किया है, और नपा प्रशासन ऐसे हितग्राहियों पर कार्यवाही भी करने जा रही है, योजना प्रभारी रमेश देशमुख ने बताया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत शहर के कुछ लोगों ने योजना की पूरी राशि लेने के बाद भी अपना आवास तैयार नहीं किया है, ऐसे हितग्राहियों के बैंक खाते सीज करने के अलावा दंडात्मक कार्यवाही भी की जा रही है, ऐसे हितग्राहियों में श्रीमती बानो बी पीर खान, फुलवंती दयाल अतुलकर,लीलाबाई रातचंद्र, शोभा किशन साहू, कलावती जुगल सिंह, और मुकेश्वर बाबूराव शामिल हैं।

**कार्रवाई की जा रही है**

शासन के निर्देशानुसार शहर में जहां भी अतिक्रमण संबंधी शिकायतें आ रही है,कार्यवाही की जाएगी आवास योजना में भी लापरवाही बरतने वालों को नोटिस जारी किए गए।

**नितिन बिंजवे,** मुख्य नगर पालिका अधिकारी आमला

### स्वामित्व हस्तांतरण पत्र भी सौंपा

## 125 हितग्राहियों को विधायक ने कराया गृहप्रवेश



**सारनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत श्रीगणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर 125 परिवारों का विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार सहित पार्षदगणों की उपस्थिति में गृहप्रवेश कराया गया। इस अवसर पर उन्हें स्वामित्व हस्तांतरण भी किया गया। नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन बुधवार दोपहर 2.30 बजे से प्रधानमंत्री आवास परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आमला सारनी विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास परिसर में संपूर्ण अंशदान जमा करने वाले 125 हितग्राहियों को गृहप्रवेश कराया गया। विधायक डॉ. पंडाग्रे एवं अन्य अतिथियों ने हितग्राहियों के साथ रिबन काटकर गृहप्रवेश किया। परिसर में आयोजित मंचीय कार्यक्रम में सभी उक्त 125 हितग्राहियों को स्वामित्व हस्तांतरण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के खुद के घर का सपना साकार किया है।

### 864 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 26 अगस्त को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 623 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 241 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 132 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### महिलाओं ने फूंका कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला

**भैरूंदा।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के विवादित बयान पर आकर्षित से महिलाओं जीतू पटवारी का पुतला दहन किया। लाडकुई में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक बयान पर महिलाओं में काफी आक्रोश देखने को मिला और पटवारी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी मंडल लाड़कुई के कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं महिलाओं ने संयुक्त रूप से जीतू पटवारी का पुतला दहन किया। इसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन मीणा, श्याम सिंह ठाकुर, अमरसिंह मीणा, अखलाक खान आदि मौजूद थे।

### कॉलोनाइजर प्लाट बेचकर हुए गायब, नागरिकों ने जमा किया विकास शुल्क

# 3.45 लाख रु विकास शुल्क जमा करने पर मिली अवैध कॉलोनी में सड़क की सुविधा

शहर की अवैध कॉलोनियों के रहवासियों द्वारा विकास शुल्क जमा करने पर सड़क सुविधा सोहागपुर नप दे रही है। शहर के गौतम वार्ड की अवैध कॉलोनी में भी नागरिकों ने विकास शुल्क जमा किया, तब सड़क सुविध नप ने दी।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

शहर की अवैध कॉलोनियों के रहवासियों द्वारा विकास शुल्क जमा करने पर सड़क सुविधा सोहागपुर नप दे रही है। शहर के गौतम वार्ड की अवैध कॉलोनी में भी नागरिकों ने विकास शुल्क जमा किया, तब सड़क सुविध नप ने दी।

यह जानकारी वार्ड स्थित अवैध कॉलोनी के रहवासियों ने दी है। जानकारी देने के पीछे कारण है कि कांग्रेस पार्षद धर्मदास बेलवंशी ने इस कॉलोनी में सड़क निर्माण पर आपत्ति उठाई थी। पार्षद का कहना था कि शहर की अन्य कॉलोनियों सहित इस कॉलोनी के लोगों ने नप को विकास शुल्क नहीं दिया है, तो सड़क सुविधा क्यों दी जा रही है। उक्त आपत्ति के बाद निर्माण रुका तो रहवासी तनाव में आ गए। जबकि रहवासी विकास शुल्क दे चुके हैं और इसी कॉलोनी के एक हिस्से में पहले भी सड़क बन चुकी है। कॉलोनीवासियों द्वारा विकास शुल्क देने की सच्चाई से अवगत कराने के बाद भ्रम दूर हुआ व सड़क निर्माण प्रारंभ हुआ है।

#### जमा हुआ इतना शुल्क

नप सोहागपुर कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार गौतम वार्ड की इस कॉलोनी के रहवासियों ने नप सोहागपुर में तीन लाख 45 हजार 345 रुपए का विकास शुल्क अब तक जमा किया है। वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में 12 रहवासियों ने इतनी बड़ी राशि विकास शुल्क के रूप में दी है। जिसके बाद ही इस कॉलोनी में नप की ओर से सड़क निर्माण किया जा रहा है। नप अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा रहवासियों द्वारा समय-समय पर निकाय को सभी कर दिए जाते हैं।

#### कॉलोनाइजर जिम्मेदार

नागरिकों का कहना है कि अवैध कॉलोनी में भवन निर्माण एनओसी मांगने पर नप भूस्वामी से विकास शुल्क मांगती है। जबकि मामले में दोष कॉलोनाइजर्स का है, जो जनता को सभी अनुमतियां मिलने का झांसा देकर प्लॉट बेचते हैं।

गौतम वार्ड कॉलोनी सहित सोहागपुर की अन्य अवैध कॉलोनियों में इसी तरह के हालात हैं। जहां कॉलोनाइजर लोगों को प्लाट बेच चुके और अब रहवासी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। नागरिकों की मांग है कि कॉलोनाईजर्स पर प्रशासन कड़ी कार्रवाई करे। साथ ही सवाल उठाया है कि प्रशासन ने अब तक कॉलोनाईजर्स पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की है?

## पुलिस ने पकड़ा आर्म्स एक्ट का फरार आरोपी, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



क्षेत्र के फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए सोहागपुर पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आर्म्स एक्ट में फरार एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2023 में आर्म्स एक्ट में ग्राम पालादेवरी चौकी सेमरी हरचंद थाना सोहागपुर के मदनगोपाल पिता बंशीलाल पटेल जाति गुर्जर के खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई थी।

न्यायालय में विगत कई दिनों से आरोपी पेशी पर उपस्थित नहीं हो रहा था। न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। गुरुवार को न्यायालय सोहागपुर से जारी गिरफ्तारी वारंट के पालन में उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर पेश किया गया है। न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में उप जेल पिपरिया भेजा गया है।

वारंटी पर वर्ष 2019 में छेड़छाड़, मारपीट, जान से मारने की धमकी आदि की धाराओं के प्रकरण भी दर्ज हैं। सेमरी से आए दिन वारंटी की शिकायतें प्राप्त हो रही थी, लेकिन पुलिस को वह नहीं मिल रहा था। गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में उपजेल पिपरिया भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में आरक्षक सुनील ओझा एवं राजकुमार यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### खेलों के आयोजन के साथ मनाया जाएगा मेजर ध्यानचंदजी का जन्म दिवस



**माखन नगर।** 29 अगस्त पर हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस को भारतवर्ष में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रतिवर्ष की भांति श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जावेगी जिसमें बैडमिंटन, शतरंज, कबड्डी,गोला फेंक भाला फेंक ,पिट्ठु आदि अन्य प्रतियोगिताएं महाविद्यालय खेल प्रांगण में संपन्न होंगी। महाविद्यालय क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार पटवा ने महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता हेतु आग्रह किया है।

## रोड एक्सीलेंट पर बैंकों व ग्राहक सुविधा केंद्रों के सामने अवैध पार्किंग की समस्या गहराई

#### बाजार में स्थाई व अस्थाई दुकानों के नियम विरुद्ध विस्तार से लगता है जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



सोहागपुर की सबसे सुंदर सड़क रोड एक्सीलेंट शहर को रेलवे स्टेशन से जोड़ती है। रोड किनारे कुछ बैंक व ग्राहक सुविधा केंद्र हैं। बैंकों व ग्राहक सुविधा केंद्रों के सामने अवैध पार्किंग के कारण रोजाना नागरिकों को अत्यधिक परेशानी होती है।

नागरिकों के अनुसार एक्सीलेंट रोड से लगे क्षेत्रों में बैंकों व ग्राहक सुविधा केंद्रों के सामने अवैध पार्किंग से परेशानी होती है। सभी बैंकों के सामने व समीप कुछ मार्ग भी हैं। इन मार्गों पर रोजाना ग्राहक व कर्मचारी वाहन पार्क करते हैं। जिसके कारण बैंकिंग समय में नागरिक बहुत परेशान होते हैं। कई बार अंदरूनी मार्गों से आने-जाने वाले लोग गलियों में अवैध पार्किंग के कारण फंस जाते हैं व ग्राहक सुविधा केंद्र संचालकों एवं कर्मचारियों के साथ नागरिकों के विवाद भी होते हैं।

#### सुबह चौड़ी, दोपहर में संकरी सड़क

जो हालात बैंकों के आसपास हैं, वे ही हालात शहर के मुख्य बाजार तथा इससे लगी अंदरूनी गलियों में भी हैं। बाजार खुलने के पहले मुख्य मार्ग व गलियां काफी चौड़ी होती हैं। जिनमें से चौपहिया वाहन तक निकाले जाते हैं। लेकिन दोपहर होते-होते स्थाई-अस्थाई दुकानों के नियम विरुद्ध विस्तार व वाहन पार्किंग के कारण सभी मार्ग संकरे हो जाते हैं। और तब बाइक तक निकालना भी मुश्किल हो जाता है।

नागरिकों ने प्रशासन से बाजार व्यवस्थित करने, दुकानों का अति विस्तार रोकने एवं उचित पार्किंग स्थल बनाने की अपेक्षा की है।

## चिल्लौद गांव के रहवासी हो रहे परेशान, जिम्मेदार मौन

#### लाइन मेन को बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

चिललौद गांवों में जूनियर इंजीनियर की जांच आज भी अधुरीपिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत टेकापार के पास चिललौद गांवों में जूनियर इंजीनियर बिजली विभाग उपमहाप्रबंधक आउटसोर्स कर्मचारियों की मिली भगत से शासन के खाते में राशि जमा नहीं कराई गई। और बगैर शासन की अनुमति के 5 पोल 25 के वी का ट्रांसफार्मर रखा गया था। लगभग वर्ष का मामला सामने आया है।

अधिकारी वर्ग एवं सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार टेकापार के चिललौदमे राजेंद्र आठनेरेकी जमीन दलालों ने भोपाल निवासी परिवार को दिलाई फिर बिजली विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी के आपसी लेनदेन कर जूनियर इंजीनियर बिजली विभाग से सीधे तारडालकर लाइन खड़ी करके कनेक्शन चालू कर दिया।जो मीडिया में आने पर भी लाईन में नारायण सिंह पटेल को लांजी तबादला कर २ऐग्रीमेंट हि रोक दिए गए थे। लेकिन असली आरोपी आज भी सुरक्षित है। जिसमें मटकुली ग्राम पंचायत में साईं ढाबा मालिक भी शामिल थे।

उनकी जेसीबी मशीन चलाई गई थी।उस पर भी केस चल रहा है। लेकिन अब गांव के निवासी मामले कीजांच तत्काल प्रभाव से कराने की मांग कर रहे हैं। जिसमें विभाग को अधिकारी वर्ग ने लाखों का चूना लगाया हैं। उपमहाप्रबंधक दिनेश भदौरिया से चर्चा की तो बताया कि उन्हें अभीजानकारी नहीं है। उनके कार्यकाल का मामला नहीं है। फिर भी जांच कराई जाएगी।

## कांग्रेस ने की मूंग का बकाया भुगतान और खाद की कमी को दूर करने मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवकांत पांडे के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं और ओबीसी आरक्षण को लेकर जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस ने किसानों की मूंग का बकाया भुगतान, डीएपी और यूरिया खाद की तत्काल उपलब्धता, और ओबीसी आरक्षण संबंधी लंबित मामलों के समाधान की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवकांत गुड्डन पांडे ने कहा कि कलेक्टर सुश्री सोनिया मीणा ने किसानों की इन समस्याओं का जल्द से जल्द हल निकालने का आश्वासन दिया है।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, नेता प्रतिपक्ष अनोखी लाल राजोरिया, नर्मदापुरम नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी और जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार उपस्थित थे।कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, मूंग का बकाया भुगतान और खाद की कमी दूर करने की मांग

इटारसी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवकांत पांडे के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं और ओबीसी आरक्षण को लेकर जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस ने किसानों की मूंग का बकाया भुगतान, डीएपी और यूरिया खाद की तत्काल उपलब्धता, और ओबीसी आरक्षण संबंधी लंबित मामलों के समाधान की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवकांत गुड्डन पांडे ने कहा कि कलेक्टर सुश्री सोनिया मीणा ने किसानों की इन समस्याओं का जल्द से जल्द हल निकालने का आश्वासन दिया है।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, नेता प्रतिपक्ष अनोखी लाल राजोरिया, नर्मदापुरम नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी और जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत से स्थानांतरित कर्मचारियों को दी विदाई, नवागत कर्मचारियों का हुआ स्वागत

#### कार्यालय के अधिकारी और कर्मियों ने समारोह का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर




सोहागपुर जपं की ग्राम पंचायत भटगांव के सचिव बृजेश कुमार धुर्वे, भटगांव हल्के के पटवारी राकेश तिवारी एवं सह सचिव कमलेश विश्वकर्मा के स्थानांतरण अन्यत्र हुए हैं। तीनों कर्मचारियों को उनके स्थानांतरण के उपरांत गुरुवार को ग्राम पंचायत भटगांव के पंचायत भवन में भावभीनी विदाई दी गई है।

सरपंच सुधीर सिंह ठाकुर ने बताया कि तीनों कर्मचारियों ने पूर्ण कर्तव्य भाव एवं सद्भावना के साथ नौकरी की। जिसके कारण ग्रापं भटगांव द्वारा ग्रामवासियों की इच्छा अनुसार भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित सरपंच सुधीर सिंह ठाकुर सहित पंडित डॉ. मनमोहन चिहार, उप सरपंच बलिराम पाल, प्रदीप ठाकुर, राकेश सिंह ठाकुर, राजेंद्र सिंह, शिक्षक जीवनलाल विश्वकर्मा, सरपंच प्रतिनिधि कृष्णकांत सिंह, अशोक सिंह ठाकुर, मलखान सिंह, विक्रम सिंह ठाकुर, शिवकुमार ठाकुर, तरवर सिंह, रामसिंह अहिरवार, करण सिंह अहिरवार आदि ग्रामीणों ने कर्मचारियों को कर्मठ व ग्रामीणों की समस्याओं को सुलझाने के प्रति सकारात्मक सोच वाला बताया। वहीं नवागत सचिव प्रवीण भार्गव और नव पटवारी हिमांशु अग्रवाल का स्वागत किया गया।

## समाजसेवी स्वामी विवेकानंद भावधारा सेवा समिति की नि:शुल्क शिक्षा कक्षाएं शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



स्वामी विवेकानंद भावधारा सेवा समिति द्वारा संचालित निशुल्क कोचिंग कक्षाएं इस वर्ष भी प्रारंभ हुई हैं। समिति के सक्रिय कार्यकर्ता अधिवक्ता प्रांजल तिवारी ने कहा कि वर्ष 2012 में स्वामी विवेकानंद जयंती से स्वामी जी के अनुयायियों ने निशुल्क कोचिंग सेंटर रामकृष्ण मिशन के सन्यासी स्वामी दुर्गानंद श्यामल महाराज के आशीर्वाद से प्रारंभ किया था। जिसमें भोपाल आश्रम के स्वामी नित्यज्ञानंद रामेश्वर व स्वामी वीरेश्रवानंद नर्मदापुरम् एवं स्वामी ईशानानंद ईशरपुर का मार्गदर्शन मिला। सेंटर में वर्तमान में कक्षा पांचवीं से आठवीं के 40 छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। चयनार्थ विद्यार्थी फार्म भरते हैं, जिनकी पात्रता चार प्रबुद्ध नागरिक तथा सरकारी शिक्षक प्रमाणित करते हैं। शिक्षक-शिक्षिकाओं को संस्था बैंकर्स चेक से मानदेय देती है, जिसमें क्षेत्रवासी आर्थिक सहयोग करते हैं। संस्था सर्दी में आदिवासी क्षेत्र में भोपाल आश्रम व वेदांत समिति नर्मदापुरम् के सहयोग से जरूरतमंदों को कंबल व छात्र छात्राओं को गर्म स्वेटर वितरित करती है। इस कार्य में अधिकारी, जनप्रतिनिधि व समाजसेवी सहयोग करते हैं। विवेकानंद भावधारा को मानने वाले लोगों का सहयोग संस्था को मिलता है। प्रांजल तिवारी के अनुसार पहले निशुल्क कक्षाएं पुराने सरकारी अस्पताल में संचालित की जाती थीं। अभी कक्षाएं मातापुरा के एक सामाजिक भवन में शाम पांच से सात बजे तक संचालित की जा रही हैं।

### दूधिया रोशनी में नहाएगा अब पचमढ़ी रोड भी



**पिपरिया।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र में शहर के चारों ओर विकास चल रहा है ।नगर के चारों तरफ सड़कों का चौड़ीकरण करणका कार्य चल रहा है। कायाकल्प योजना में शामिल शहर में अरबों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। विधायक ठाकुरदास नागवंशी की निधि से शहरी विकास हो रहा है। लेकिन शहर में बढ़ते हुए विकास में देरी अवश्य हो रही है। लेकिन पचमढ़ी बसस्टैंड पर काम्प्लेक्स के साथ सड़क निर्माणकार्य सहित लगभग १८करोड से निर्माण कार्य होना है चल रहा है नगर के मुख्य मार्ग पर शोभापुर रोड सिलारीसांडियारोड पर ढुधिया रोशनी जगमगा रही है। लेकिन अभी तक पचमढ़ी रोड वकाया था। लेकिन अब पचमढ़ी रोड पर भी पोल खड़े हो गए हैं। तथा अब पचमढ़ी रोड पर भी मुख्य मार्ग किनारे ढुधिया रोशनी जगमगा रही है।शीध्र ही लगभग सड़कों का काम पूर्ण होने पर है। शहरी विकास तो आने वाले समय में इतिहास में लिखा जाएगा। ऐसा प्रतीत हो रहा है। जनता को चाहिए टेक्स का भुगतान उपभोक्ता समय पर करें तो विकास को चार चांद लग सकते हैं।यह बात अलग है कि शोभापुर रोड सीमेंट रोड पर मजबूती से पकड़ अलग-अलग स्थानों पर दिखाई दे रही है। शासन को विचार करना चाहिए।

## सड़क बनी मौत का अड्डा, कई की लील गई जान



**भैरूंदा।** तहसील की एक ऐसी सड़क है जिस पर चलने से लोग अपनी जान गवा चुके हैं। यह सड़क नीलकंठ से लेकर मण्डी अंतरालिया से लेकर बिजला जोड़ तक प्रधानमंत्री की सड़क है। जिसमें कई लोगों की मौत हो चुकी है। मंडलवार को ऐसी ही एक दुर्घटना हो गई। जिसमें एक मज़दूर अपने गांव से भैरुंदा दवाई लेने के लिए निकला था। उसको क्या पता था कि, उसकी सड़क मार्ग पर चलने से मौत हो जाएगी। छीपानेर का निवासी विष्णु पिता भाईलाल उम्र 45वर्ष जो कि अपने घर से भैरूंदा दवाई लेने आ रहा था। नीलकंठ,मण्डी जोड़ तक सड़क दुर्घटना होने से मौत हो गई।

मिली जानकारी अनुसार रेत से भरे डंपर के टायर में आने मजदूर विष्णु दुर्वे की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस सूचना पर पहुंची मृतक को अस्पताल भिजवाया गया जहां डॉक्टरों ने पोस्टमार्डम कार मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया। भैरुंदा थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बताया नीलकंठ मण्डी मार्ग पर बाइक सवार की मौत की सूचना मिली थी। मौके पर पुलिस प्रशासन पहुंचा। मौका मुआयना किया गया। मृतक की पहचान विष्णु पिता भाईलाल दुर्वे उम्र लगभग 45 छीपानेर निवासी था। मर्ग क़ायम की कार्रवाई की गई। पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। अभी फिलहाल पर डंपर को थाने लाया गया है। आगे की कार्रवाई साक्ष्य और मौके पर मौजूद के बयान के आधार पर की जाएगी।

नीलकंठ जोड़ से लगाकर मण्डी ,अतरालिया से होते हुए नगर के सीहोर बाय पास से लगाकर बिजला जोड़ तक प्रधानमंत्री सड़क जर्जर हालात में तब्दील हो गई। जगहों जगहों सड़क के बीचों ,बीच गहरी नालियां में तब्दील हो चुकी। इन बनी नालियों में दो पहिया वाहन के टायर फंसने से लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। जिसमें लोग गम्भीर रूप से घायल होकर अपनी जाने गवां चुके हैं। जिम्मेदारों को इसकी खबर भी है। बावजूद इसके अभी तक नहीं ही सड़क की नालियों की मरम्मत हुई न ही किसी के ऊपर कार्रवाई।

## दो वर्ष से जमा नहीं हुई नप कर्मियों के ईपीएफ, जीपीएफ और एनपीएस की राशि, वेतन से प्रतिमाह हो रही कटौती

#### नपकर्मियों ने सीएमओ को सौंपा नर्मदापुरम कमिश्नर के नाम आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर नप के कर्मचारियों की जीपीएफ, ईपीएफ तथा एनपीएस की राशि जमा नहीं हो रही है। इस समस्या के चलते गुरुवार को सभी नपकर्मियों ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर समस्या निराकरण की मांग की है।

कर्मचारियों ने सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा को नर्मदापुरम कमिश्नर के नाम संबोधित आवेदन सौंपा है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि सोहागपुर नगर परिषद द्वारा किसी भी कर्मचारी का जीपीएफ, एनपीएस एवं ईपीएफ जमा नहीं किया जा रहा है। साथ ही जुलाई 2025 का वेतन भी अब तक भुगतान नहीं किया गया है जबकि



**सोहागपुर।** सीएमओ को समस्या बताते नपकर्मी।

रक्षाबंधन व अन्य त्यौहार बीत गए हैं। आवेदन में नपकर्मियों ने उल्लेख किया है कि दो वर्ष से उनके खातों में जीपीएफ, ईपीएफ व एनपीएस की राशि जमा नहीं की गई है। ज्ञापन अनुसार जब निकाय के कर्मचारियों की इन मदों की राशि जमा नहीं की जाती है तो फिर प्रतिमाह उनके वेतन से इसकी कटौती क्यों की जा रही है।

आगे उल्लेख है कि प्रत्येक माह की 10 तारीख तक नगर परिषद की सफाई शाखा के साप्ताहिक, मासिक, विनयमित एवं नियमित कर्मचारियों का वेतन भुगतान किस मद से किया जाता है और इस मद से कार्यालय के अन्य स्थाई एवं विनियमित कर्मचारियों के वेतन का भी भुगतान किया जाए। कर्मचारियों ने नर्मदापुरम कमिश्नर से अविलंब समस्याओं के निराकरण की मांग की है। इस दौरान सरला सनकत, जेएल चौरसिया, संजय परसाई, एचएल परते, मनीष रघुवंशी, राधेश्याम रघुवंशी, नरेंद्र धुर्वे, संजय पचौरी, दयाशंकर कुर्मी व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### आज सकल हिन्दू समाज सौंपेगा ज्ञापन

**हरदा।** जिले मे सनातन संस्कृति को विस्तार एवं सुदृढ़ करने वाले व्यक्ति की छवि धूमिल कर हत्या के लिए उकसाने वालों, संगठनों, संस्थानों तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों जनप्रतिनिधियों संस्थाओं के साथ-साथ मातृशक्ति को अपमानित करने वाले व्यापारियों से ब्लैकमेलिंग करने वाले तथा शासन प्रशासन की छवि को धूल करने वालों के विरुद्ध गुरुवार को हरदा में बैठक आहूत की गई। जिसमें सभी समाज वर्गों,संगठनों संस्थाओं के लोग तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसमें निर्णय लिया कि आज 29 अगस्त को दोपहर 12:00 बजे नेहरू स्टेडियम में एक ज्ञापन दिया जाएगा।

### विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा विभाग से मिली राहत

**हरदा।** कॉलेजों में प्रवेश ले चुके छात्रों के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने बड़ी राहत दी है। अब छात्र 15 सितंबर तक कॉलेज, विषय और संकाय (स्ट्रीम) बदल सकेंगे। विभाग के स्पेशल ड्यूटी ऑफिसर ने सभी यूनिवर्सिटीज के कुलसचिव और कॉलेज प्राचार्यों को इस संबंध में लेटर जारी किया है। इसके तहत छात्र अपना एडमिशन रद्द कर शुल्क वापस भी ले सकते हैं। वे दूसरे कॉलेज में स्थानांतरण करा सकते हैं, साथ ही विषय और स्ट्रीम भी बदल सकते हैं। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद पीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. संगीता बिले ने बताया कि यह सुविधा 25 अगस्त से शुरू हो चुकी है। छात्रों को अपनी लॉगइन आईडी से ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कर आवेदन कॉलेज प्राचार्य को देना होगा। यह प्रक्रिया 15 सितंबर तक चलेगी। कॉलेज फैकल्टी के अनुसार, कुछ फॉर्म में तकनीकी त्रुटियां पाई गई हैं। उदाहरण के तौर पर, बायोलॉजी के छात्र के फॉर्म में मेजर विषय फिजिक्स भरा गया, जो गाइडलाइन के अनुसार संभव नहीं है। छात्र ऐसी शैक्षणिक जानकारी में सुधार कर सकते हैं। यह सुविधा यूजी और पीजी दोनों स्तर के छात्रों के लिए लागू होगी।

### पिछले 24 घंटों में जिले में 6.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 6.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 7.6 मि.मी., टिमरनी में 0 मि.मी., खिरकिया में 20.8 मि.मी., सिराली में 0 मि.मी. तथा रहटगांव में 4.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 843.3 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 739.6 मि.मी., टिमरनी में 1055 मि.मी., खिरकिया में 911.7 मि.मी., सिराली में 777.7 तथा रहटगांव में 732.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई।

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 2 को

**सीहोर।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 2 सितंबर 2025 को दोपहर 3 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क प्राधिकरण, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, जनजातीय कार्य विभाग सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी।

### श्री सत्य सांई यूनिर्वसिटी में रोजगार मेला आज

**सीहोर।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा सीहोर स्थित सत्य साईं प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में 28 एवं 29 अगस्त को रोजगार मेला एवं इंडस्ट्रियल मीट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रतिष्ठित कंपनियों एवं उद्योगों द्वारा लगभग 150 से अधिक पदों पर युवक एवं युवतियों का चयन किया जायेगा।

### अनमोल राठौर ने किए पांच पदक हासिल

सीहोर। शहर के प्रतिभाशाली बाडी बिल्डिर लगातार राज्य और राष्ट्रीय बाडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए आ रहे है। बाडी बिल्डिरअनमोल राठौर पुत्र मोहन राठौर ने हैदराबाद में आयोजित आईसीएन आल इंडिया नेचुरल बाडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर दो सिल्वर और तीन ब्रांज मेडल हासिल किए है। उनकी यह उपलब्धि पर विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, अजय अग्रवाल, शैलेश अग्रवाल आदि ने बधाई दी।

---

### कलेक्टर ने जारी किए निर्देश अपात्र हितग्राहियों के नाम राशन सूची से काटे जाएं

# एसडीएम देखें-किसानों को सहूलियत से खाद मिले, जिले में अवैध कॉलोनियां नहीं पनपें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले के सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वे किसानों को उर्वरक वितरण व्यवस्था पर पैनी निगरानी रखें एवं यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी उर्वरक वितरण में किसानों को असुविधा का सामना न करना पड़े। गुरूवार को आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले के प्रत्येक नगर एवं गांव में राशन प्राप्त कर रहे अपात्र हितग्राहियों को चिन्हित किया जाए एवं उनके नाम राशन सूची से हटाये जाएं।

कोई भी अपात्र हितग्राही राशन प्राप्त न कर सके, इसकी सख्त व्यवस्था हो। कलेक्टर ने अवैध कॉलोनियों के मामले को भी गंभीरता से लेते हुए कहा कि राजस्व अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जिले में कहीं भी अवैध कॉलोनियां न पनपें। जो भी कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं, वे विधिवत अनुमति लेकर तैयार की जाएं ताकि ऐसी कॉलोनी के निवासियों को मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। बैठक में अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा सहित जिले के अनुविभागीय राजस्व अधिकारी एवं तहसीलदार व नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्रों में होने वाले अतिक्रमण की रोकथाम के लिये भी राजस्व अधिकारियों से सख्ती दिखाने की अपेक्षा की। उन्होने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में अब कोई नये अतिक्रमण न हों, इस बात पर निरन्तर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होने नगरीय क्षेत्रों में एवं मुख्य मार्गों पर विचरण कर रहे निराश्रित गोवंश को सुरक्षित आश्रय स्थलों तक पहुँचाने के लिये भी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री एवं आरसीएमएस में दर्ज राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती के मामले समय सीमा में निराकृत करने के राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये गये। वनग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तन करने के कार्य की भी कलेक्टर ने जानकारी ली। उन्होने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि उद्यानिकी फसलों से संबंधित गिरदावरी के कार्य में उद्यान विभाग एवं राजस्व विभाग के आंकड़ों में एकरूपता हो, यह सुनिश्चित किया जाए। श्री अन्न की फसलों की गिरदावरी में भी इस बात का ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने हिट एण्ड रन के मामलों में भी तत्परता से निराकरण करने की अधिकारियों से अपेक्षा की। उन्होने अधिकारियों से कहा कि राजस्व वसूली के कार्य में भी गति लाई जाए। बैठक में जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की स्थिति की भी कलेक्टर ने समीक्षा की।

## दस्तक अभियान के तहत चिन्हित सभी कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराएं

### अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश



**हरदा।** दस्तक अभियान के तहत चिन्हित कुपोषित बच्चों को एन.आर.सी. में भर्ती कराया जाए। सभी गर्भवती महिलाओं का प्रथम त्रैमास में ही शतप्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करें। सभी हाई रिस्क महिलाओं की पहचान कर उनका नियमित प्रबन्धन करें तथा नियमित रूप से फालोअप भी लें। यह निर्देश जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, डीएचओ डॉ. सुनिल द्विवेदी, प्रमुख खण्ड चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी, ए.एन.एम., सीएचओ उपस्थित थे। बैठक में श्री इवने ने निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं व बच्चों का शतप्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। शिशु मृत्यु के कारणों की पहचान अनिवार्य रूप से की जाए ताकि शिशु मृत्यु के कारणों का निराकरण किया जा सके। टेलीकंसल्टेंसी के लिये सभी चिकित्सकों की आईडी तैयार की जाए ताकि नागरिकों को टेलीकंसल्टेंसी के माध्यम से सही चिकित्सकीय सलाह व उपचार मिल सके। उन्होने बैठक में दस्तक अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों की भी जानकारी अधिकारियों से ली। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिंह ने दस्तक पोर्टल पर एन्ट्री न करने पर खिरकिया के बीपीएम को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये। एसएनसीयू में भर्ती बच्चों का आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से कम्यूनिटी फालोअप शतप्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिये।

---

### 31 अगस्त तक होंगी खेल गतिविधियाँ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि जिले में 29 से 31 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। उन्होने बताया कि विकासखण्ड एवं जिला मुख्यालय हरदा में 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि, फिट इंडिया शपथ व हॉकी प्रदर्शन मैच का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 30 अगस्त को कबड्डी प्रतियोगिता, कुश्ती प्रतियोगिता, मनोरंजक खेल, खिलाडियों के साथ सेमिनार, खो-खो प्रतियोगिता, एथलेटिक्स एवं क्रिकेट मैच तथा 31 अगस्त को योगा, एवं सायक्लिंग गतिविधियां आयोजित होगी। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि विकासखण्ड टिमरनी में 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि, योगा, रस्साकसी, वृद्धजनों की पैदल चाल से फिटनेस जागरूकता गतिविधियां, 30 अगस्त को फिटनेस जागरूकता रैली तथा कबड्डी, खो-खो प्रतियोगिता एवं 31 अगस्त को शपथ एवं सायक्लिंग गतिविधियां आयोजित होंगी। इसी प्रकार विकासखण्ड खिरकिया में 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि, रस्साकसी व योगा तथा 30 अगस्त को फिटनेस जागरूकता रैली, खो-खो मैच व कराते प्रदर्शन तथा 31 अगस्त को शपथ एवं सायक्लिंग गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।

---



## महिलाओं ने रखा ऋषि पंचमी का व्रत, मंदिरों में की पूजा अर्चना

**हरदा।** गुरुवार को ऋषि पंचमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। महिलाओं ने व्रत रखकर सप्त ऋषियों और अरुंधति माता की पूजा-अर्चना की। शहर के विभिन्न मंदिरों में महिलाओं ने कथा श्रवण किया। तवा कालोनी स्थित दुर्गा मंदिर के पंडित विजय शर्मा ने बताया कि इस व्रत से महिलाओं के रजस्वला अवस्था में हुए दोषों का निवारण होता है। व्रत में महिलाएं बिना हल के जोते हुए अन्न, भैंस का दही और करमी का साग खाकर व्रत पूर्ण करती हैं। पंडित शर्मा के अनुसार, महिलाएं पवित्र नदियों में आंधी झाड़ा की पत्तियों से स्नान करती हैं। इसके बाद विधिवत सप्त ऋषियों का पूजन करती हैं। कथा श्रवण के उपरांत मोरधान का भोजन करती हैं। सप्त ऋषियों में कश्यप, अत्रि, भारद्वाज, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि और वशिष्ठ शामिल हैं। जो महिलाएं मंदिर नहीं जा पातीं, वे घर पर ही पत्थर या मिट्टी से सप्त ऋषियों की प्रतिमा बनाकर पूजन करती हैं।

---

### तहसीलदार राजेंद्र पंवार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

## जिला कांग्रेस ने ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




गुरुवार को जिला कांग्रेस ने ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। तहसीलदार राजेंद्र पंवार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मोहन विश्नोई के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

नारेबाजी के साथ ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की। जिलाध्यक्ष मोहन विश्नोई ने कहा कि, भाजपा केवल चुनाव में ओबीसी के हक की बात करती है। आरक्षण देने के समय अपने वादे से मुकर जाती है। कांग्रेस ने घोषणा की है कि, वह ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने के लिए संघर्ष जारी रखेगी। मार्च 2019 में राज्य सरकार ने अध्यादेश के जरिए ओबीसी आरक्षण 14% से बढ़ाकर 27% किया था। एक छात्रा द्वारा इसे न्यायालय में चुनौती दी गई। अगस्त 2019 में विधानसभा में संशोधन अधिनियम पारित किया गया। यह कानून राज्य में शिक्षा और रोजगार दोनों क्षेत्रों में प्रभावी है। वर्तमान में सर्वोच्च न्यायालय में लगभग 70 याचिकाएं लंबित हैं। इनमें अधिकतर याचिकाएं ओबीसी वर्ग द्वारा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दायर की गई हैं। राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना कानून के विपरीत होने से विवाद बना हुआ है।

---

## मुनिश्री अक्षय सागरजी महाराज ऐलक श्री उपशम सागरजी महाराज ने निर्जल उपवास कर किया केश लोचन



**सीहोर।** संत शिरोमणि समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज वर्तमान आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ससंघ सिद्धपुर नगरी सीहोर में चातुर्मास प्रवास पर है। जैन मुनि श्री ऐलक श्री ने केशलोचन दिगम्बर जैन मुनिचर्या के अनुसार मुनिश्री अक्षय सागर जी महाराज ऐलक श्री उपशम सागर जी महाराज ने आज निर्जल उपवास व्रत की साधना करते हुए तप और तपस्या से केशलोचन किया। संत ने केशलोचन किया।

विद्वान पंडित राजेश जैन ने बताया कि जैन मुनि के केशलोचन क्रिया दिगम्बर जैन मुनि अपनी त्याग तप तपस्या कि भक्ति कि शक्ति से संकल्प अनुसार दो माह तीन माह या चार माह मे अपनी साधना के माध्यम से बिना किसी कैंची , उस्तरे या अन्य किसी यंत्र मशीन के केश लोचन केश लोच अपने हाथो से केश उखाड़ना और उस दिन 24 घंटे का निर्जल उपवास करते हुए अपनी तपस्या को बढ़ते है ऐसी त्याग तपस्या कोई भी साधु द्वारा नहीं करने का प्रमाण मिलता है।

---

### राज्य स्तरीय दृष्टि बाधिक दौड़ में सुरेश यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



**हरदा।** पेरा स्पोर्ट्र्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश द्वारा 15 वीं मध्यप्रदेश स्टेट पेरा एथेलेटिक्स चेम्पियनशीप 2025 की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन बीते दिनों तात्या टोपे स्टेडियम टी.टी. नगर में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में 1500 मीटर की दृष्टि बाधित दौड़ में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय हरदा द्वारा संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के मोबिलिटी इंस्ट्रक्टर सुरेश यादव ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल प्राप्त कर जिला एवं विभाग का नाम रोशन किया। गुरूवार को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने श्री यादव को उनकी इस उपलब्धि के लिये बधाई व शुभकामनाएं दी।

---

### मांग का सौंपा ज्ञापन

## नेहरू स्टेडियम में मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा लगे : कोच मेनेजर



**हरदा।** समस्त कोच मैनेजर द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि भारत को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीताने वाले मेजर ध्यान चंद जी की प्रतिमा नेहरू स्टेडियम में स्थापित की जावे। स्टेडियम के सभी द्वारों के नाम महापुरुषों के नाम से प्रदर्शित किया जावे। नेहरू स्टेडियम में स्थित व्यायाम उपकरणों को अतिशीघ्र सुव्यवस्थित किया जावे। सीसीटीवी कैमरे सुव्यवस्थित किया जावे। स्टेडियम पर पानी के भराव को रोकने के लिए कपा डाला जाए। नेहरू स्टेडियम मैदान पर पानी का भराव होता है जिसे ठीक किया जावे। जाली एवं द्वारों को सुव्यवस्थित किया जावे। ज्ञापन लेने नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, लोकेश राव मराठा, मनोज महलवार, राजू कमेडिया आए थे। ज्ञापन के दौरान विक्रांत अग्रवाल, भूपेंद्र तोमर, संदीप सौदे, आनंद तिवारी, मोनिका मेहता, महमूद कुरैशी, अजय पुरवइया, सानू पाराशर, अभिषेक राजपूत, गोलू बामने, शुभम उइके, विनय, दुर्गेश, कुलदीप समस्त कोच और खिलाड़ी उपस्थित थे।

---

### पांच करोड़ की लागत से 11 मीटर चौड़ी सड़क का होगा निर्माण

## भोपाल नाके से कोतवाली चौराहे तक बनने वाली सड़क का श्रीगणेश किया




**सीहोर।** शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में शामिल कोतवाली चौराहा से भोपाल नाका तक की सड़क को चौड़ा करने का काम सोमवार से हो गया है। करीब पांच करोड़ की लागत से टू लेन बनाया जाएगा। सड़क के दोनों ओर पेवर ब्लॉक से फुटपाथ, बीच में डिवाइडर और उस पर लाइटिंग व पौधे लगाए जाएंगे। भोपाल नाके से कोतवाली चौराहे तक दोनों तरफ दुकानों और मकानों के कारण कई हिस्सों में बेहद संकरा हो गया था। जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती थी। हालात यह कि थी अतिक्रमण के कारण आपात स्थिति में एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड तक नहीं निकल पाती थी। लेकिन सड़क निर्माण शुरू होने से पहले नपा ने करीब 100 अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हाटने के लिए नोटिस जारी किए थे। जिसके बाद करीब 70 प्रतिशत लोगों ने अपने_अपने अतिक्रमण हटा लिए। नपा ने सड़क चौड़करण का

---

### नगरीय निकायों में स्टॉप डायरिया केम्पेन सह दस्तक अभियान 16 तक

**सीहोर।** डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान' थीम पर आधारित स्टॉप डायरिया केम्पेन सह दस्तक अभियान 16 सितम्बर 2025 तक चलेगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त ने नगरीय निकायों में की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में निर्देश जारी किए है। अभियान के तहत विशेष सफाई अभियान में खुले एवं संवेदनशील क्षेत्रों में कचरे को फेंकने से रोकने, नालियों में रूके हुए पानी एवं गाद को साफ करने का काम प्राथमिकता से किया जाए। कम आय वर्ग और झुग्गी बस्तियों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए।

---

## माता-पिता से बढ़कर कोई भी तीर्थ देवता या गुरु नहीं: विवेक रुठिया

**सीहोर।** भगवान गणेश की कथाओं और रामायण हमें माता-पिता की सेवा संस्कार देती है। मां पृथ्वी से बड़ी, पिता आकाश से ऊंचा है। माता-पिता से बढ़कर संसार में कोई तीर्थ देवता या गुरु नहीं है। जो संस्कार माता-पिता से प्राप्त होते हैं वह संस्कार अन्य किसी से भी प्राप्त नहीं हो सकता। माता-पिता की सेवा से ही समस्त तीर्थों की यात्रा का पुण्य प्राप्त होता है। उक्त विचार शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित वृद्धाश्रम में 12 दिवसीय प्रवचन सभा के दौरान शहर के वरिष्ठ समाजसेवी विवेक रुठिया ने कहे। उन्होंने कहाकि आज से 12 साल पहले मेरे पिताश्री मानकचंद्र रुठिया का आकस्मिक निधन हो गया था, उनकी याद में हमारे द्वारा बुधवार को भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहाकि माता-पिता के आशीर्वाद के कारण ही हम सब आगे बढ़ सकते है। उन्होंने यहां पर उपस्थित



हितग्राहियों को गलत आदतों से दूर रहने की अपील करते हुए अपने परिवार में खुशी पूर्वक रहने की बात कही। वृद्धाश्रम में 12 दिवसीय प्रवचन सभा के पहले दिन आश्रम में भंडारे का आयोजन किया गया था, यहां पर सुबह भगवान गणेश की आरती उज्जैन के प्रसिद्ध शनि मंदिर के पुजारी पंडित सचिन त्रिवेदी, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, राहुल माहेश्वरी आदि मौजूद थे।